# कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

## प्रेस नोट

**दिनांक-30.06.2025**

**विषय:- थाना चौबेपुर पुलिस टीम द्वारा दुष्कर्म के मामले में वांछित अभियुक्त दीपक कुमार को गिरफ्तार किया गया।**

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण तथा वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व में थाना चौबेपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-423/2025 धारा 64(1),351(2),333 बी0एन0एस0 थाना चौबेपुर से सम्बन्धित नामजद वांछित अभियुक्त दीपक कुमार पुत्र लौटू राम निवासी ग्राम गोबरहा थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी को आज दिनांक-30.06.2025 को समय करीब 04.20 बजे बभनपुरा तिराहे के पास थाना चौबेपुर कमि0 वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना चौबेपुर पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का विवरण-**

दिनांक-29.06.2025 को वादिनी मुकदमा/प्रार्थिनी ने विपक्षी दीपक कुमार द्वारा वादिनी मुकदमा/प्रार्थिनी की पाही की मड़ई में घुसकर जान से मारने की धमकी देते हुये दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना चौबेपुर में मु0अ0सं0-0423/2025 धारा 64(1),351(2),333 बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना थानाध्यक्ष रविकान्त मलिक द्वारा संपादित की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

दीपक कुमार पुत्र लौटू राम निवासी ग्राम गोबरहा थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी, उम्र करीब 23 वर्ष।

**गिरफ्तारी का दिनांक,समय व स्थान-**

दिनांक-30.06.2025 को समय करीब 04.20 बजे, बभनपुरा तिराहे के पास थाना चौबेपुर कमि0 वाराणसी से।

**आपराधिक इतिहास-**

1- मु0अ0सं0 423/2025 धारा 64(1),351(2),333 बी0एन0एस0 थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

**<u>गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>**

1. थानाध्यक्ष रविकान्त मलिक थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 अंकुर कुशवाहा थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3. हे0का0 रूप सिंह थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 धीरेन्द्र कुमार थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
5. का0 रवि कुमार गौतम थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
6. का0 देवेन्द्र कुमार आर्या थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।




**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त**
**वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी**